# नोएडा की तर्ज पर झांसी-बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनेगा

अमर उजाला ब्यूरो

**औद्योगिक विकास विभाग की ओर से जल्द तैयार होगी विस्तृत कार्ययोजना**

**बुंदेलखंड क्षेत्र में मिले हैं चार लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव**

लखनऊ। नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड का झांसी और उसके आसपास का इलाका उद्योग, व्यापार और आवास का नया केंद्र बनेगा। प्रदेश सरकार नोएडा की तरह झांसी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जेबीडा) का गठन करेगी। औद्योगिक विकास विभाग की ओर से जल्द इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

वैश्विक निवेशक सम्मेलन में बुंदेलखंड क्षेत्र में निवेश के लिए 424 करार साइन हुए हैं। इनसे 4,27,873 करोड़ रुपये का निवेश होगा। झांसी जिले में 1,35,865 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 216, जौलान में 49,673 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 61, ललितपुर में 32960 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 86 एमओयू साइन हुए हैं। महोबा में 23,266 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 94 करार साइन हुए हैं। वहीं डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत झांसी में नोड स्थापित किया जा रहा है।

सरकार की ओर से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बनाया गया है। वहीं एक्सप्रेसवे को झांसी और चित्रकूट से जोड़ने के लिए दो लिंक एक्सप्रेसवे बनाने की भी घोषणा की है। सरकार का मानना है कि लाखों करोड़ रुपये के निवेश से झांसी क्षेत्र में उद्योग स्थापित होने के साथ वहां आबादी क्षेत्र का भी विस्तार होगा। निवेशकों के साथ औद्योगिक संस्थानों में काम करने वाले हर श्रेणी के कार्मिकों के आवास की भी आवश्यकता होगी।

औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव नरेंद्र भूषण ने बताया कि नोएडा की तर्ज पर झांसी और उसके आसपास के क्षेत्रों में भी नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। जहां निवेशकों को यूनिट स्थापित करने के लिए जमीन उपलब्ध होगी। साथ ही नई आवासीय योजनाएं भी विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जेबीडा का क्षेत्र तय किया जाएगा। डीपीआर को कैबिनेट की मंजूरी के बाद ही कार्यवाही आगे बढ़ेगी।